हनीट्रैप कर झूठे बलात्कार के केश में फंसाने वाले गिरोह का पर्दाफाश

नवभारत न्यूज

उनाव 5 अगस्त। थाना उनाव पुलिस ने हनीट्रैप कर झूठे बलात्कार के केश में फंसाने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया फरियादी से 20 लाख रूपये की मांग का गई थी। आरोपियों को महज 5 घंटे के अंदर किया गिरफ्तार थाना प्रभारी उनाव निरीक्षक. यतेंद्र भदौरिया, ने बताया फरियादी अजय पाल निवासी बेहटा जिला झांसी को आरोपीगण द्वारा लडकी के झूठे बलात्कार के केश में फंसाने की धमकी देकर 20 लाख रूपये की मांग करने एवं रास्ते से एक काली गाडी में अपहरण कर उसकी बेल्टों से मारपीट करने वाले आरोपीगण . मनीष वंशकार पुत्र सतीष वंशकार उम्र 20 साल निवासी सीतानगर कोलोनी भाण्डेर रोड दतिया,अजय गौतम उर्फअजय अम्बे पुत्र तेजराम गौतम उम्र 35 साल नि. कृष्णाविहार कोलोनी भाण्डेर उनाव वायपास दतिया 3.भजन अहिरवार पुत्र तुलसीराम अहिरवार उम्र 48 साल निवासी ग्राम बेहटा जिला झांसी वर्तमान पता ग्राम मकोनी थाना उनाव हाल पता कृष्णाबिहार कोलोनी उनाव भाण्डेर वायपास दतिया सचिन अहिरवार पुत्र नारायण अहिरवार उम्र 25 साल निवासी अम्बेडकर पार्क के पास सिद्धार्थ कालोनी दतिया को उनाव पुलिस द्वारा 05 घंटे के अंदर गिरफ्तार कर घटना में प्रयुक्त 04 मोबाइल फोन एवं एक स्कोर्पियो कार जप्त कर आरोपियो को न्यायालय पेश किया गया।

प्रकरण मे 02 आरोपी फरार है जिनकी तलाश जारी है।घटना का संक्षिप्त विवरण

फरियादी अजय पाल पुत्र अच्छेलाल पाल निवासी ग्राम बेहटा जिला झांसी ने सूचना दी कि मैं कल दिनांक 3.अगस्त .26 को समय करीब 7 बजे रात में अपनी मोटरसायकल से अपने गांव बेहटा से अपनी रिश्तेदारी में इंदरगढ जा रहा था जैसे ही मैं समय रात करीब 07.30 बजे झांसी उनाव पुल के आगे घिसलनी पुलिया पर पहुंचा तो मेरी मोटरसायकल के आगे एक काले रंग की स्कोर्पियो गाडी रुकी और उसमें से दो लोग उतरे और मुझे मोटरसायकल से जबरदस्ती उतारकर मुझे स्कार्पियो गाडी में बैठा लिया गाडी में तीन और लोग बैठे थे और उसके बाद मुझे गाडी में बैठाकर मेरा मुंह नीचे की तरफदबाकर मुझे कहीं ले गए गाडी लगातार चल रही थी। उसके बाद उन लोगों ने गाडी को एक जगह पर रोका और गाडी के अंदर एक लडकी को बैठा लिया उस समय गाडी में चार लोग थे उन चारों लोगों ने मुझसे कहा कि तूने इस लडकी के साथ में बलात्कार किया है तू इससे ही मिलने आया था और मेरी बुरी तरह से बेल्टों से मारपीट गाडी में ही करने लगे जिससे मुझे पीठ पर बहुत चोटें आयीं हैं। वह चारों लोग कह रहे थे कि तेरी जमीन बिकी है तेरे पास में बहुत पैसा है। तू हम लोगों को पैसा दे नहीं तो इस लडकी से तेरे ऊपर बलात्कार का केश लगवाएंगे और फिर उन चारों लोगों ने मुझे मार-मार कर यह कहलवाया कि मैंने लडकी के साथ में गलत काम किया है जिसका वीडियो उन लोगों ने मुझे और उस लडकी को गाडी की सीट पर बैठाकर बनाया था और मुझसे 20 लाख रुपये मांगे और बोला कि हम यह वीडियो वायरल कर देंगे और तेरे खिलाफ में रिपोर्ट लिखवाएंगे नहीं तो 20 लाख रुपये का इंतजाम करो मैंने डर से कहा कि हां मैं रुपये दे दूंगा उसके बाद उन लोगों ने खैरी माता मंदिर के पास में मुझे उतार दिया और मेरी मोटरसायकल वहीं पर दे दी तब वहां पर पांच लोग थे और वह लडकी थी और उन लोगों ने बोला कि हम तुझे फोन पर बताएंगे कि कहां पर रुपये देने आना है। उसके बाद में घर पहुंचा जहां मैंने अपने पिताजी अच्छेलाल, और अपने चाचा के लडके मनोज पाल को पूरी बात बताई थी।मेरे पास दिनांक 04.08.26 को मोबाइल नंबर 9301992879 से व्हाट्स एप पर वाइस काल आया और बोला कि रुपयों का इंतजाम जल्दी करो मैं व मेरे घरवाले बहुत डर गए थे उसके बाद मैं रिपोर्ट करने आया हूं।जिस पर से अपराध क्रमांक 142/2026 धारा-126 (2), 127(2), 140(3), 308(6), 115 (2) बीएनएस का पंजीबद्ध किया गया।गिरफ्तार आरोपीगण - 1. मनीष वंशकार पुत्र सतीष वंशकार उम्र 20 साल निवासी सीतानगर कोलोनी भाण्डेर रोड दतिया 2. अजय गौतम उर्फअजय अम्बे पुत्र तेजराम गौतम उम्र 35 साल नि. कृष्णाविहार कोलोनी भाण्डेर उनाव वायपास दतिया 3. भजन अहिरवार पुत्र तुलसीराम अहिरवार उम्र 48 साल निवासी ग्राम बेहटा जिला झांसी वर्तमान पता ग्राम मकोनी थाना उनाव हाल पता कृष्णाबिहार कोलोनी उनाव भाण्डेर वायपासदतिया 4. सचिन अहिरवार पुत्र नारायण अहिरवार उम्र 25 साल निवासी अम्बेडकर पार्क के पास सिद्धार्थ कालोनी दतिया आरोपीगण से जप्त वस्तुएं 04 मोबाइल फोन, 01 काले रंग की स्कोर्पियो कार।

मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम से लोग हो रहे आत्मनिर्भर : मुनेंद्र शेजवार

नवभारत न्यूज

सेवढ़ा 5 अगस्त। मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद विकासखंड सेवढा जिला दतिया में आज गोविंद महाविद्यालय के सभागार में प्रस्फुटन समितियो का एकदिवसीय बैठक 'सहप्रशिक्षण प्रस्फुटन शक्ति संचय अभियान' के अंतर्गत आयोजित हुआ, कार्यक्रम में मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाज सेवी रमाशंकर नगरिया, विशिष्ट अतिथि मनोज व्यास प्राचार्य, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ रामेश्वर शर्मा, मुख्य वक्ता के रूप में जिला समन्वय मुनेंद्र शेजवार, डॉ .आशुतोष तिवारी, विकासखंड समन्वयक ज्योति गोस्वामी वरिष्ठ समाजसेवी ल हरिकिशन कुशवाहा सरपंच एसोसिएशन अध्यक्ष, कार्यक्रम का संचालन अनिल शर्मा , कार्यक्रम में मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई कार्यक्रम में सभी अतिथियों का स्वागत कर ज्योति गोस्वामी द्वारा परिषद द्वारा किये जा रहे कार्यों की जानकारी विस्तार पूर्वक सभी को दी गई। अखंड आजाद फौज के संभाग के प्रभारी भारत राजोरिया द्वारा वर्तमान समय में एक पेड़ मां के नाम एवं युवाओं को राष्ट्र के हित में क्या

करना है क्या नहीं करना है उसकी जानकारी विस्तार पूर्वक दी तथा सभी युवाओं को नशे से दूर रहने और शिक्षा के प्रति लगन से पढ़ाई करने का एवं सरकार की योजनाओं को घर-घर पहुंचाने के अभियान से जुड़ने की जानकारी दी, डॉ रामेश्वर शर्मा द्वारा कहा गया की बरसात के दिनों में सर्पदंश बढ़ जाते हैं अत: पीड़ित व्यक्ति को जल्द से जल्द अस्पताल लाया जाए जिससे कि उसकी जान को बचाया जा सके, इसी प्रकार डॉक्टर आशुतोष तिवारी द्वारा कहा गया कि अभी तक विकासखंड सेवड़ा में एक भी मरीज की सर्पदंश के पश्चात जान नहीं गई है और हमने हर संभव प्रयास कर उन मरीजों का इलाज कर उनकी जान बचाने में सहयोग किया है।

जिला समन्वयक ने जानकारी देते हुए कहा कि मध्यप्रदेशजन अभियान परिषद 'मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम' के माध्यम से युवाओं को बैचलर ऑफ सोशल वर्कर एवं मास्टर ऑफ सोशल वर्कर डिग्री कराकर लोगों को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास कर रहा है जन अभियान परिषद 12 अगस्त से 16 अगस्त तक नवांकुर सखी हरियाली यात्रा का आयोजन कर रहा है जिसमें प्रत्येक सेक्टर में हरियाली यात्रा नवांकुर सखियों के माध्यम से पंचायत स्तर पर आयोजित की जाएंगे इसी प्रकार से हर घर तिरंगा यात्रा का आयोजन सभी प्रस्फुटन समितियां अपने गांव में आयोजित करेंगीं। अंत में उमाशंकर पाठक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

पुलिस ने 5 दिन में 173 गुम मोबाइल खोजकर लौटाए

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल के मार्गदर्शन में 1 अगस्त से 5 अगस्त 2026 तक चलाए गए विशेष अभियान के दौरान साइबर सेल ने 173 गुम मोबाइल फोन सफलतापूर्वक ट्रेस कर उनके वास्तविक मालिकों को वापस सौंप दिए। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत करीब 35 लाख रुपये बताई गई है।ब्म्स् पोर्टल की मदद से ट्रेस किए गए मोबाइल लौटाने के दौरान पुलिस अधीक्षक मयूर खंडेलवाल ने स्वयं सभी आवेदकों से बातचीत की। उन्होंने मोबाइल गुम होने की परिस्थितियों की जानकारी ली और भविष्य में ऐसी घटनाओं से बचने के लिए जरूरी सावधानियां भी बताईं।

एसपी ने नागरिकों से अपील

करीब 35 लाख के फोन मालिकों को मिले वापस

की कि सेकंड हैंड मोबाइल खरीदने से पहलेँदबींतँजीप ऐप या ब्म्स् पोर्टल पर उसके प्डम्प् नंबर की जांच अवश्य करें, ताकि चोरी या ब्लॉक किए गए मोबाइल खरीदने से बचा जा सके। साथ ही उन्होंने प्डम्प् नंबर सुरक्षित रखने और मोबाइल गुम होने पर तुरंत पुलिस, साइबर सेल या ब्म्स् पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी।कार्यक्रम के दौरान नागरिकों ने गुम मोबाइल वापस मिलने पर दतिया पुलिस का आभार व्यक्त किया और इस जनहितकारी पहल की सराहना की।इस पूरी कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी निरीक्षक दिलीप समाधिया, प्रधान आरक्षक पुष्पेंद्र परिहार, आरक्षक वीरेंद्र, बलवीर, शुभम परिहार, राहुल दांगी एवं रवि कुशवाह की सराहनीय भूमिका रही।

जहां गुरु विशिष्ट होता है वहॉं के शिष्य भी विशिष्ट ही होते हैं : रामदास महाराज

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय, दतिया एवं कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन के संयुक्त तत्वाधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय शोध संगोष्ठी का समापन पीठ परिसर में किया गया। उक्त् कार्यक्रम के मुख्य् अतिथि के रूप में महन्त श्री रामदास जी महाराज, दंदरौआ सरकार एवं प्रो. शिवशंकर मिश्र, कुलगुरु, महर्षि पाणिनि संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन, विशिष्ट अतिथि के रूप डॉ. गोविन्द गन्धे, निदेशक, कालिदास संस्कृत अकादमी, उज्जैन, आचार्य पं. चन्द्रमोहन दीक्षित, आचार्य, पीताम्बरा पीठ, दतिया सारस्वत अतिथि के रूप में प्रो. वी. वी. त्रिपाठी, निदेशक, संस्कृत शोध पीठ, बुन्देलखण्ड वि.वि., झॉंसी, उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. धीरेन्द्र सिंह चन्देल, न्यासी श्री पीताम्बरा पीठ एवं अध्यक्ष, महाविद्यालय शासी निकाय ने की।

मुख्य अतिथि महन्त श्री रामदास जी महाराज ने गुरु की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए

बताया कि जहॉं गुरु विशिष्ट होता है वहॉं के शिष्य भी विशिष्ट ही होते हैं। यही कारण है कि श्री पीताम्बरा पीठ संस्कृत महाविद्यालय के छात्र इतने होनहार हैं। उन्होंने हिन्दी भाषा को अर्थ, अँग्रेजी भाषा को काम, और संस्कृत भाषा को मोक्ष बताते हुए कहा कि संस्कृत मोक्षदायिनी भाषा है इसलिए सबको इसका अध्ययन करना चाहिए। मुख्य अतिथि प्रो. शिवशंकर मिश्र ने तंत्रागम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि तंत्र के बारे में सबको जानना चाहिए। भवानी अष्टकम की 'त्वअमेका भवानी' पंक्तियों का उद्धरण देते हुए उन्होंने कहा कि जब किसी का कोई नहीं होता है तब मॉं भवानी ही अपने बच्चों की रक्षा करती हैं। विशिष्ट अतिथि आचार्य पं. चन्द्र मोहन दीक्षित ने वामाचार्य और दक्षिणाचार्य में अंतर स्पष्ट किया और कहा कि आजकल लोग तंत्र की गलत व्यादख्या करते हुए मॉंस भक्षण और मदिरापान से तंत्र को जोड़ देते हैं जबकि श्री स्वामी जी महाराज ने तंत्र को सही रूप में जन-जन तक पहुँचाया और सबके लिए इसे सहज और आसान बनाया। विशिष्ट अतिथि डॉ. गोविन्द गन्धें ने कार्यक्रम की रूपरेखा बताई और संगोष्ठी में आये हुये सभी विद्वानों, गणमान्य नागरिकों एवं कार्यक्रम को सफल बनाने वाले प्रत्येक व्यक्ति को धन्यवाद किया और कहा कि जिस दिन से इस संगोष्ठी की रूपरेखा तय हुई उस दिन से सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बहुत मेहनत की और आज वह मेहनत सफल हुयी। सारस्वत अतिथि प्रो. त्रिपाठी ने तंत्रागम के वाममार्ग और दक्षिण मार्ग पर प्रकाश डाला। उन्हों ने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रत्येक व्यक्ति तंत्र के शुद्ध रूप को समझे व अपने जीवन में अपनाए।अध्यक्षीय उद्बोधन में प्रो. धीरेन्द्रस सिंह चन्दे ल ने आने वाले अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं कहा कि यह संगोष्ठि आने वाले समय में एक आदर्श बनेगी और इस संगोष्ठी के माध्याम से तन्त्रागम साधना के कई पहलुओं पर विस्तार से चर्चा होगी। और उन्होंने इस कार्यक्रम के सफल होने के लिए पीठ की अध्यक्ष श्रीमन्त बसुन्धिरा राजे सिंधिया और पीठ के सभी न्यासियों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम की शुरूआत अतिथियों के दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। दीप प्रज्वलन के बाद सतीश चन्द्र दीक्षित ने वैदिक मंगलाचरण प्रस्तुत किया। मंगलाचरण के बाद कार्तिक शर्मा एवं अमन शर्मा ने स्वामी जी महाराज की वन्दना प्रस्तुत की।

वन्दना के बाद शॉल श्रीफल एवं स्मृति चिह्न के द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। स्वागत वक्तव्य महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हरेन्द्र कुमार भार्गव ने दिया। तत्पाश्चानत अतिथियों का वक्तव्य हुआ। कार्यक्रम का संचालन महाविद्यालय की प्राध्यपिका डॉ. सुजाता शाण्डिल्य ने किया। धन्यवाद ज्ञापन पीठ के व्यवस्थापक डॉ. सी. एम. मिश्र ने किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न् प्रान्तों से आए हुए विद्वान, महाविद्यालय के छात्र एवं नगर के गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

पूर्व लेखाधिकारी हुकुम सिंह यादव का देवलोकगमन

सेवढ़ा 5 अगस्त। सेवढ़ा नगर में उस समय शोक की लहर दोड़ गई जब गायत्री परिवार के सदस्य,पूर्व लेखा अधिकारी (जनपद सेवढ़ा)वरिष्ठ समाजसेवी हुकुम सिंह यादव का गुरुग्राम मेदांता हॉस्पिटल में गंभीर बीमारी के चलते दो सप्ताह के इलाज के उपरांत 05/08/2026 की रात्रि दो बजे उनका देवलोकगमन हो गया। उनके अंतिम संस्कार के दौरान सेकड़ों की संख्या में सुधिजन,समाजसेवी उपस्थित रहे। उनका अंतिम संस्कार मुक्ति धाम सेवढ़ा पर उनके पुत्र जितेंद्र सिंह यादव एवं वरिष्ठ पत्रकार गजेंद्र सिंह यादव द्वारा किया गया।

स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करें : कलेक्टर

उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों को किया जाएगा सम्मानित

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी स्वप्निल वानखड़े ने आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस समारोह की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेकर

स्वतंत्रता दिवस पर पधारे मुख्य अतिथि द्वारा किया जाएगा वृक्षारोपण

विभिन्न विभागों को उनके दायित्व सौंपे। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी अधिकारी अपने-अपने उत्तरदायित्वों का गंभीरता एवं समन्वय के साथ निर्वहन करते हुए सभी व्यवस्थाएं निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में कलेक्टर श्री वानखड़े ने मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी (एमपीईबी) को समारोह के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) को चिकित्सा एवं एम्बुलेंस व्यवस्था, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) को पेयजल व्यवस्था, नगर पालिका (सीएमओ) को टेंट, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) को कार्यक्रम स्थल पर मार्किंग एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था तथा पुलिस विभाग को सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था के समुचित प्रबंध करने के निर्देश दिए गए।कलेक्टर ने बताया कि 13 अगस्त को पुलिस ग्राउंड में स्वतंत्रता दिवस परेड का अंतिम रिहर्सल आयोजित किया जाएगा। शिक्षा विभाग को सांस्कृतिक कार्यक्रमों की संपूर्ण तैयारियां समय पर पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।बैठक में बताया गया कि 15 अगस्त को प्रात: 7:30 बजे कलेक्ट्रेट परिसर में ध्वजारोहण होगा, जबकि प्रात: 9 बजे पुलिस लाइन में मुख्य समारोह आयोजित किया जाएगा। मुख्य समारोह में मुख्यमंत्री के संदेश वाचन को सुना जाएगा।

वीरसिंह महल में रास्ता भटके पर्यटक, पुलिस ने सुरक्षित बाहर निकाला

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। ऐतिहासिक वीर सिंह महल में उस समय एक अलग ही स्थिति बन गई, जब उत्तर प्रदेश के कानपुर से घूमने आए पर्यटक महल के अंदर रास्ता भटक गए। बताया जा रहा है कि महल का भ्रमण करते-करते वे अंदरूनी हिस्सों में पहुंच गए और करीब दो घंटे तक बाहर निकलने का रास्ता नहीं ढूंढ सके।

परेशान होकर पर्यटकों ने डायल-112/पुलिस कंट्रोल रूम पर फोन कर मदद मांगी। सूचना मिलते ही पुलिस कंट्रोल रूम की टीम तत्काल वीर सिंह महल पहुंची और महल के अंदर सर्च अभियान चलाकर पर्यटकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया। सुरक्षित बाहर आने के बाद पर्यटकों ने दतिया पुलिस की त्वरित कार्रवाई और मदद के लिए धन्यवाद दिया। इस घटना ने एक बार फिर साबित किया कि आपात स्थिति में पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया लोगों के लिए बड़ी राहत बनती है।

मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 का शुभारंभ 7 अगस्त से

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। मध्य प्रदेश शासन द्वारा आम जनता की शिकायतों का त्वरित निवारण करने, शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन और लोक सेवाओं को तय समय-सीमा में उपलब्ध कराने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान-2026 की शुरुआत की जा रही है। सामान्य प्रशासन विभाग को इस महत्वाकांक्षी अभियान का नोडल विभाग बनाया गया है। मुख्य सचिव कार्यालय द्वारा जारी विस्तृत दिशा-निर्देशों के अनुसार, यह अभियान 07 अगस्त 2026 से प्रारंभ होकर 08 जनवरी 2027 तक संपूर्ण प्रदेश में संचालित किया जाएगा।

अभियान की मुख्य विशेषताएं और दिशा निर्देश: हर शुक्रवार को क्षेत्र भ्रमण अभियान के दौरान प्रत्येक सप्ताह के पांचवें कार्य दिवस यानी शुक्रवार को जिला कलेक्टर के नेतृत्व में प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पूर्व-चिन्हित क्षेत्रों का अनिवार्य रूप से भ्रमण और निरीक्षण करेगी। समीक्षा बैठकों पर पूर्ण प्रतिबंध:- शुक्रवार को अभियान दिवस के दौरान प्रदेश में किसी भी स्तर पर कोई समीक्षा बैठक आयोजित नहीं

जन-समस्याओं की होगी त्वरित सुनवाई

की जाएगी, ताकि अधिकारी पूरा समय मैदान में रहकर जनता से सीधा संवाद कर सकें। जन-संवाद और उद्यम संवाद:- क्षेत्र भ्रमण के दौरान सार्वजनिक स्थानों पर आम नागरिकों के साथ श्जन-संवादश् और उद्यमियों के साथ उद्यम आयोजित कर उनकी समस्याओं, योजनाओं के क्रियान्वयन और लंबित स्वीकृतियों का मौके पर ही निराकरण किया जाएगा।

आचार्य जगदीश प्रसाद सुहाने की स्मृति में सम्मान समारोह आयोजित

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। नगर के सुप्रसिद्ध संस्कृत विद्वान कीर्तिशेष आचार्य जगदीश प्रसाद सुहाने की स्मृति में गहोई धर्मशाला, बड़ा बाजार में गरिमामय सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य संरक्षक श्री श्री 108 श्री हरिओम पाठक जी महाराज (महंत, श्री सिद्धेश्वर मंदिर, झांसी) रहे।समारोह में आईएएस अधिकारी विश्वजीत गुप्ता, एसएसबी कमांडेंट आईपीएस एल. रत्नाकर, साहित्यकार राजेश लिटोरिया, भजन गायक कनिष्क शर्मा का सम्मान किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने आचार्य जगदीश प्रसाद सुहाने के संस्कृत, शिक्षा एवं भारतीय संस्कृति के क्षेत्र

में दिए गए उल्लेखनीय योगदान को स्मरण करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

आयोजन समिति के अध्यक्ष शैलेंद्र बुधौलिया, सचिव संतोष पुरोहित एवं संयोजक मोहन सुहाने ने कार्यक्रम का सफल संचालन किया। मंच संचालन डॉ. निलय गोस्वामी ने किया, जबकि अंत में सचिव संतोष पुरोहित ने उपस्थित अतिथियों एवं नागरिकों के प्रति आभार व्यक्त किया। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिक, साहित्यकार, धर्मप्रेमी एवं संस्कृत प्रेमी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

प्रदेश स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन 7 अगस्त को

नवभारत न्यूज

दतिया 5 अगस्त। दतिया जिले से प्रदेश स्तरीय पर्यटन क्विज का आयोजन 7 अगस्त को रावतपुरा सरकार इंस्टीट्यूट दतिया में किया जा रहा है। पर्यटन क्विज का मुख्य उद्देश्य बच्चों में प्रतियोगिता के माध्यम से प्रदेश के समृद्धशाली इतिहास, परम्पराओं, ऐतिहासिक धरोहर, प्राकृतिक समृद्धि सांस्कृतिक रोग कला एवं पर्यटन महत्वीय संभावनाओं से परिचित कराना है।

म0प्र0 पर्यटन क्विज प्रतियोगिता 2026 में कक्षा 9वीं से 12वीं तक के शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के छात्र-

छात्र-छात्राओं द्वारा ऑनलाईन पंजीयन कराया गया

छात्राओं द्वारा ऑनलाईन पंजीयन कराया गया। दतिया जिले में 72 विद्यालयों द्वारा पंजीयन कराया गया। पंजीयन का कार्य 7 अगस्त 2026 को प्रात: 08 बजे से प्रात: 09.45 तक किया जावेगा तथा लिखित परीक्षा प्रात: 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक आयोजित की जायेगी। दोपहर 12 बजे से 02 बजे तक भोजन एवं बुंदेलखण्ड की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जायेंगा। इस लिखित परीक्षा में सर्वश्रेष्ठ अंक प्राप्त करने वाली 06 टीमों का चयन द्वितीय चरण के लिए होगा। द्वितीय चरण का प्रारंभ दोपहर 2रू30 बजे से 4रू30 तक आयोजित किया जावेंगा, इस चरण में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाली 03 टीमों का चयन किया जावेगा। विजेता दलों को म0प्र0 पर्यटन निगम के होटलों में 02 रात्रि एवं 03 दिन एवं उपविजेता दलों को 01 रात्रि एवं 02 दिन आवास भोजन नि:शुल्क प्राप्त होगी। इस प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान किये जावेगें। यह प्रतियोगिता छात्र-छात्राओं में अपने प्रदेश एवं जिले की इतिहास एवं संस्कृति से जोड़ने का महत्वपूर्ण साधन है।